# कारीगर/हस्तशिल्पी आन लाइन पोर्टल के माध्यम से ओडीओपी की योजनाओं में आवेदन कर सकेंगे—मुख्य सचिव

in Uncategorized, उत्तर प्रदेश, बड़ी खबरें, लखनऊ, विविध March 9, 2021 0 52 Views

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम की उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक सम्पन्न**



लखनऊ। मुख्य सचिव एवं औद्योगिक विकास आयुक्त राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम की उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। अपने सम्बोधन में मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि समस्त उपायुक्त उद्योग इस ऐप के बारे में ज्यादा से ज्यादा हस्तशिल्पियों को जानकारी दें तथा इस ऐप्लिकेशन को पूर्ण रूप से उपयोग में लाये। बैठक में ओडीओपी कार्यक्रम के अन्त्रतगत संचालित सामान्य सुविधा केन्द्र योजना के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया।

बैठक में गाजियाबाद में प्रस्तावित आधुनिक टूलरूम R&D Lab एवं इण्डस्ट्री 4.0 के सीएफसी को स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त गौतमबुद्धनगर के टेस्टिंग लैब, चन्दौली के जरी प्रोसेसिंग फैसिलिटी, अयोध्या के जैगरी क्रशिंग एवं ब्वाईलिंग यूनिट तथा सीतापुर की डाईंग फैसिलिटी (ETP सहित) के प्रस्तावों पर भी स्वीकृति प्रदान की गयी। ओडीओपी कार्यक्रम की समस्त योजनाओं को ऑन लाइन कर दिया गया है। अतः अब सभी कारीगर/हस्तशिल्पी ऑन लाइन पोर्टल के माध्यम से ओडीओपी की सभी योजनाओं में आवेदन कर पायेगें।

अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन नवनीत सहगल द्वारा "उद्यम सारथी" ऐप की समीक्षा के दौरान बताया गया कि "उद्यम सारथी" ऐप उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा उत्पादन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु निर्मित किया गया है। इस ऐप में विभिन्न ओडीओपी उत्पादों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, उद्यमिता विकास कार्यक्रम, उद्यमियों की सफलता की कहानियों का संग्रह, एमएसएमई से सम्बन्धित प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स तथा विशेषज्ञ वार्ता के साथ-साथ इकाई स्थापित करने से सम्बन्धित समस्त जानकारी उपलब्ध है। इस ऐप को एंड्राएड फोन में 18000 से अधिक बार तथा ऐप्पल के i-store में लगभग 2000 बार डाउनलोड किया जा चुका है। यह ऐप्लिकेशन नया व्यवसाय शुरू करने हेतु प्रक्रिया प्रवाह का विवरण देने के अलावा उद्यमिता विकास, डिजिटल मार्केटिंग, आयात-निर्यात तथा GST व आयकर के नियमों के बारे में भी पूर्ण जानकारी देता है। वर्तमान में इस ऐप्लिकेशन में 50 से अधिक के प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु 25 विडियोज अपलोड किये जा चुके है।

उक्त के अतिरिक्त बैठक में ओडीओपी कार्यक्रम के अन्त्रतगत जनपदों में अन्य उत्पाद जोड़े जाने के सम्बन्ध में जैसे कि चन्दौली में जरी-जरदोजी के अलावा काला नमक चावल जोड़ने का प्रस्ताव, पीलीभीत में बांसुरी के अलावा वुड क्राफ्ट जोड़ने का प्रस्ताव इत्यादि पर भी चर्चा की गयी। मुख्य सचिव ने ओडीओपी कार्यक्रम की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, कृषि देवेश चतुर्वेदी सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे। ———